पीपुल्स समाचार 7/2/2020

DAVV में सिनर्जी 2020 का आयोजन

IAmIndore ▪ इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आई.आई.पी.एस. संस्थान में तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स इवेंट सिनर्जी 2020 का सफल आयोजन चल रहा है। तीन दिनी आयोजन के दूसरे दिन गुरुवार को क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, रनिंग, बैडमिनटन, टेबल टेनिस और चेस आदि विभिन्न खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सराहनीय प्रदर्शन रहा। बीते 2 दिनों में सभी खेलो के लीग और क्वार्टरफाइनल मुकाबले सम्पन्न हुए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन क्रिकेट, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, ट्रैक एंड फील्ड के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

राज एक्सप्रेस 7/2/2020

डीएविवि सीईटी के लिए कमेटी का हुआ गठन

डॉ. मिश्रा होंगे कमेटी के चेयरमैन

इंदौर ▪ राज न्यूज नेटवर्क

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने सीईटी (कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) के लिए कमेटी गठित कर दी है। इसके साथ ही नॉन सीईटी और अन्य कोर्स की भी अलग-अलग कमेटी बनाई गई है। पूर्व कुलपति और फिजिक्स विभाग के हेड डॉ. आशुतोष मिश्रा सभी कमेटी के चेयरमैन होंगे, जबकि बाकी कमेटी में समन्वयक और सह समन्वयक बनाए गए हैं। सीईटी कमेटी तय करेगी कि इस बार परीक्षा कैसे हो। कौन से विभाग और कौन से कोर्स उसमें शामिल हो। सीईटी कमेटी प्रो.कन्हैया आहुजा को समन्वयक बनाया गया हैए जबकि डॉ. अखिलेश सिंह, प्रो. बीके त्रिपाठी और डॉ. प्रदीप बंसल सदस्य होंगे। नॉन सीईटी कोर्सेस की कमेटी में डॉ. अशोक शर्मा समन्वयक होंगे। डॉ. वसीम खान और ए.चोयल को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा एमईएमटेक और एम फार्मा कोर्सेस के लिए बनी कमेटी में डॉ. संजीव टोकेकर समन्वयक और डॉ.राजेश शर्मा सदस्य होंगे। हर कमेटी में उन विभागाध्यक्षों को भी सदस्य के तौर पर शामिल किया जाएगा, जिन विभागों के एडमिशन की प्रक्रिया संबंधित कमेटी तय करेगी। तीनों कमेटी की बैठकें जल्द होगी। इसी माह सीईटी और नॉन सीईटी कोर्स की पूरी प्रक्रिया तय हो जाएगी।

अब कमेटी बैठक में तय करेगी कि एक्जाम किस एजेंसी से करवाना है। एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) सहित कुछ अन्य के नाम पर चर्चा होगी। हालांकि कमेटी की मुहर लगने के बाद ही इस पर अंतिम फैसला होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सीईटी निरस्त करना पड़ी थी और एडमिशन मेरिट आधार पर दिए गए थे। इसलिए इस बार सीईटी पर सबसे ज्यादा ध्यान है, ताकि साख पर सवाल न उठे। डीएवीवी इस बार बीए, बीकॉम, बीएससी के अंतिम वर्ष की परीक्षाएं भी जल्द करा रहा है, ताकि यह परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को सीईटी में शामिल होने में किसी प्रकारकी परेशानी न हो।

पत्रिका, दैनिक भास्कर, फ्री प्रेस, नई दुनिया

DIRECTORATE OF DISTANCE EDUCATION
DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA
Khandwa Road, Indore– MP 452001
Phone : 0731-2479288, Email : ddedavv@outlook.com

ADMISSION NOTICE-2019-2020

Programme	Eligibility
Post Graduate Diploma in Marketing Management (Distance Education) 1 Year Programme	Graduation/Post Graduation in any discipline with 45% marks, 5% relaxation in marks for SC/ST/OBC categories.
Post Graduate Diploma in Supply Chain Management (Distance Education) 1 Year Programme	Graduation/Post Graduation in any discipline with 45% marks, 5% relaxation in marks for SC/ST/OBC categories.

Interested candidates should apply online on **www.davv.mponline.gov.in latest by 29th February, 2020**
Semester fee and seats details are available on **www.dde.dauniv.ac.in.**
M.P. Madhyam/96723/2020

DIRECTOR

7/2/2020